2026/30

फर्द अहकाम

(नियम 15)

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी रावतसर जिला हनुमानगढ़

जसवीरसिंह आदि बनाम अनिता कंवर आदि

रिमांड प्रकरण अन्तर्गत धारा 53 आरटीएक्ट रिमाण्ड प्रकरण संख्या 26 वर्ष 2026

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुये
15.01.2026	वकील वादीगण द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर पत्रावली को पेशी में लिया गया। प्रकरण में वादीगण द्वारा वाद प्रस्तुत करने पर इस न्यायालय के निर्णय दिनांक 07.01.2025 के द्वारा वाद वादीगण डिक्री किया गया था। उक्त निर्णय की अपील श्रीमान राजस्व अपील अधिकारी हनुमानगढ़ के न्यायालय में अपील सं. 36/2025 बनवारीलाल आदि बनाम जसवीरसिंह आदि पेश की गई थी। जिसमें श्रीमान न्यायालय ने अपने निर्णय दिनांक 27.10.2025 के द्वारा अपील में राजीनामा होने के कारण आशिक स्वीकार करते हुए प्रकरण इस निर्देश के साथ प्रतिप्रेषित किया कि 60 दिवस में पुनः विधि सम्मन निर्णय पारित करें। श्रीमान राजस्व अपील अधिकारी हनुमानगढ़ के निर्णय दिनांक 27.10.2025 की पालना में प्रकरण पुनः दर्ज रजिस्टर किया जावे। आज वादीगण ने उपस्थित आकर प्रार्थना पत्र इस आश्य का पेश किया है कि वादीगण पत्रावली संख्या 493/2024 अनवान जसवीरसिंह आदि बनाम अनिता कंवर आदि अन्तर्गत धारा 53 आरटीएक्ट में राजीनामा होने के कारण आगे नहीं चलाना चाहते व पत्रावली को मौजुदा स्थिति में खारिज करवाना चाहते है। मूल पत्रावली संख्या 493/2024 अनवान जसवीरसिंह आदि बनाम अनिता कंवर आदि अन्तर्गत धारा 53 आरटीएक्ट तलाश किये जाने पर मिल नहीं रही है। वकील वादीगण निर्णय दिनांक 07.01.2025 व श्रीमान राजस्व अपील अधिकारी महोदय के निर्णय दिनांक 27.10.2025 की प्रति पेश की। जिनका अवलोकन किया गया। निर्णयों के अवलोकन के आधार पर व वादीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर वाद वादीगण खारिज किया जाता है। मूल पत्रावली संख्या 493/2024 अनवान जसवीरसिंह आदि बनाम अनिता कंवर आदि अन्तर्गत धारा 53 आरटीएक्ट मिलने इस आदेश के साथ शामिल की जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर। सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी रावतसर	(वादीगण) जसवीरसिंह R.T.I. 2-2-2026 (प्रतिवादीगण) अनवारी बनवारीलाल

Signature Not Verified

Digitally signed by Sanjay Kumar
Date: 2026.01.30 16:40:03 IST
Reason: SelfAttested